मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-64
01/02/2025

# मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के चौथे चरण की भागलपुर जिले से की शुरुआत, 1234.25 करोड़ रुपये की 141 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, 01 फरवरी 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज भागलपुर जिले से प्रगति यात्रा के चौथे चरण की शुरुआत कर 1234.25 करोड़ की 141 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने भागलपुर जिले के इंटर स्तरीय विद्यालय बहादुरपुर, सबौर के खेल मैदान में 1087.41 करोड़ रुपए की लागत से 83 योजनाओं का उद्घाटन तथा 146.84 करोड़ रुपए की लागत से 58 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान पटना से भागलपुर पहुंचने के क्रम में भागलपुर जिला में प्रस्तावित हवाई अड्डा (सुल्तानगंज तथा गोराडीह) के स्थलों का हवाई सर्वेक्षण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर परिसर में मुख्यमंत्री ने 72.32 करोड़ रुपये की लागत से कृषि जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, सबौर के भवन का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। अधिकारियों ने कृषि जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय सबौर के निर्मित होनेवाले भवन से संबंधित साइट मैप एवं भवन प्रारूप के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर की छात्र–छात्राओं ने मुख्यमंत्री के आगमन पर उनका अभिनंदन किया। जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि निर्णय समर्थन प्रणाली के प्रयोगशाला, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर संग्रहालय एवं बिहार कृषि विश्वविद्यालय भागलपुर के परीक्षण एवं प्रमाणन प्रयोगशाला का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। पंचायत स्तरीय मौसम आधारित कृषि सलाह के पोर्टल का भी मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत स्तरीय मौसम आधारित कृषि सलाह का पोर्टल शुरू होने से किसानों को काफी फायदा मिलेगा। पंचायत स्तर पर मौसम की स्थिति की जानकारी किसानों तक पहुंचेगी। जिसके आधार पर वे कृषि संबंधित निर्णय ले सकेंगे। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर द्वारा कृषि संबंधित उन्नत तकनीक, उन्नत बीज एवं कृषि संबंधित नए प्रयोगों पर आधारित लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने बिहार का धरोहर–मिथिला मखाना पर विशेष आवरण विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने जल–जीवन–हरियाली अभियान अंतर्गत सबौर प्रखंड के बरारी पंचायत स्थित बहादुरपुर मध्य विद्यालय के पोखर का कराए गए जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि काफी अच्छे ढंग से इस

पोखर का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का काम कराया गया है। इसके किनारे सीढ़ी घाट बन गया है, इससे लोगों को सहूलियत मिल रही है। इस दौरान ज्ञानदीप जीविका महिला ग्राम संगठन को पोखर के रखरखाव एवं प्रबंधन हेतु उत्सव जीविका महिला मत्स्य उत्पादक समूह को अगले पांच वर्षों के लिए निःशुल्क आवंटन से संबंधित आवंटन पत्र मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों को प्रदान किया। विद्यालय परिसर में बने खेल मैदान का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया और खिलाड़ियों से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से भागलपुर जिला अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं से संबंधित शिलापट्टों का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

उच्च विद्यालय बहादुरपुर के प्रांगण में जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने 9236 जीविका स्वयं सहायता समूह को 271 करोड़ रुपये का विभिन्न बैंकों से प्रदत्त ऋण का सांकेतिक चेक, 5034 जीविका स्वयं सहायता समूह को जीविका की ओर से सामुदायिक निवेश निधि के तहत प्रदत 31 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक, सतत् जीविकोपार्जन योजना से लाभान्वित 1165 परिवारों को प्रदत्त जीविकोपार्जन निवेश निधि के तहत 10 करोड़ 47 लाख 30 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, सतत् जीविकोपार्जन योजना से लाभान्वित 36 परिवारों को गाय का हस्तांतरण, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना की चाबी, मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय सहायता योजना अंतर्गत स्वीकृत्यादेश, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना अंतर्गत स्वीकृत्यादेश, एफ0एम0ए0एम0 योजना अंतर्गत 80 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र बैंक की स्थापना के तहत 8 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, मृत्यु लाभ तथा दाह–संस्कार हेतु आर्थिक सहायता अंतर्गत 2 लाख पांच हजार रुपये का सांकेतिक चेक, बिहार लघु उद्यमी योजना अंतर्गत 105 लाभुकों को द्वितीय किस्त की वितरित राशि के तहत 1 करोड़ 5 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड लाभुकों को प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए कहा कि आप सभी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। वर्ष 2005 में जब हम लोगों को बिहार में काम करने का मौका मिला, उस समय स्वयं सहायता समूहों की संख्या नाम मात्रा थी। हमलोगों ने स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया। इसके लिए वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूह के विस्तार का काम शुरू किया गया। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम जीविका किया और इनसे जुड़ी महिलाओं को जीविका दीदी नाम दिया। उस समय की केंद्र सरकार ने हमलोगों के इस काम से प्रेरित होकर पूरे देश में इसका नाम आजीविका किया। जीविका समूह से जुड़कर महिलाओं की स्थिति में काफी परिवर्तन आ रहा है। इससे उनकी आमदनी बढ़ रही है। हमलोगों ने शहरी इलाकों में भी जीविका समूह का गठन का काम शुरू करा दिया है, जिनसे बड़ी संख्या में महिलाएं जुड़ रही हैं। आप सभी  की जो भी जरूरतें होंगी उसे सरकार पूरा करेगी। हम चाहते हैं कि बिहार के विकास के साथ–साथ महिलाओं का अधिक से अधिक उत्थान हो।

मुख्यमंत्री ने सबौर प्रखंड के बरारी पंचायत में बननेवाले पंचायत सरकार भवन की नींव रखकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जून 2025 तक पूरे बिहार में बचे हुए पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कराएं। मुख्यमंत्री ने सामुदायिक लाइब्रेरी (जीविका दीदी की लाइब्रेरी) सबौर की चाबी जीविका दीदियों को प्रदान किया। इस दौरान ने जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने भागलपुर नगर निगम अंतर्गत प्रस्तावित आर0ओ0बी0 (बौंसी रेलवे लाईन पुल संख्या–2) निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को साइट मैप के माध्यम से प्रस्तावित आ0ओ0बी0 निर्माण कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी, इसमें भागलपुर जिला अंतर्गत भागलपुर–गौराडीह मार्ग पर 122 करोड़ रुपये की लागत से भागलपुर–बौंसी रेलवे लाइन, पुल संख्या–2 पर पहुंच पथ सहित आर0ओ0बी0 का निर्माण कार्य किया जाना है। स्थल निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आर0ओ0बी0 के निर्माण कार्य को यथाशीघ्र शुरू कराकर इसे जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। इसके बन जाने से वाहनों का परिचालन सुचारू हो जाएगा तथा समय की भी बचत होगी।

मुख्यमंत्री ने सैंडिस कंपाउंड के निकट स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत भागलपुर शहर में 234.71 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का फीता काट कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण कर एल0ई0डी0 स्क्रीन पर भागलपुर शहर के विभिन्न इलाकों की प्रदर्शित हो रही यातायात की स्थिति एवं अन्य गतिविधियों से अवगत हुए। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर परिसर से स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत भागलपुर शहर में 46.44 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित टाउन हॉल, 37.89 करोड़ रुपये की लागत से भागलपुर जिला के शाहकुंड प्रखंड अंतर्गत 520 आसन्न वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय का निर्माण कार्य तथा 10 करोड़ रुपये की लागत से भागलपुर जिला में 1 यूनिट ए टाइप विस्तृत इमरजेंसी रिस्पांस की फैसिलिटी कम ट्रेनिंग सेंटर के निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, श्रम संसाधन मंत्री सह भागलपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री संतोष कुमार सिंह, सांसद श्री अजय कुमार मंडल, विधायक श्री ललित नारायण मंडल, विधायक श्री पवन कुमार यादव, विधायक श्री कुमार शैलेंद्र, विधायक श्री ललन कुमार, विधान पार्षद श्री विजय कुमार सिंह, विधान पार्षद श्री एन0के0 यादव, भागलपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती वसुंधरा लाल, पूर्व सांसद श्री अनिल यादव, पूर्व सांसद श्रीमती कहकशां परवीन, पूर्व विधायक श्री लक्ष्मीकांत मंडल, जिला परिषद् अध्यक्ष श्री मिथुन कुमार यादव, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय श्री कुंदन

कृष्णन, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक, भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त श्री दिनेश कुमार, भागलपुर प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री विवेक कुमार, भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदय कान्त सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

*********